# थाना पनवाडी पुलिस की संयुक्त टीम के द्वारा हार-जीत की बाजी लगाते अभियुक्तों को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद में अवैध रुप से संचालित जुआ/शराब में लिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध धरपकड अभियान के तहत विधिक कार्यवाही किये जाने के आदेश के क्रम में **प्रभारी पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम** के निर्देशन पर एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाडी श्री विनोद कुमार यादव द्वारा कल दिनांक 08.11.2020 को व आज दिनांक 09.10.2020 को संयुक्त टीमों का गठन किया गया, जिस पर संयुक्त टीमों के द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये ग्राम किल्हौवा में दबिश दी गयी जहां किल्हौवा तालाब के किनारे ताश पत्तो से हार-जीत की बाजी लगाकर जुंआ खेल रहें अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया। जिस पर थाना स्थानीय पर क्रमशः मु.अ.सं. 217/2020 व मु0अ0सं0 218/2020 धारा **13 G ACT** पंजीकृत किया गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम – थाना - पनवाडी...

**प्रथम टीम--**

1- उ0नि0 श्री अवधेश सिंह सेंगर 2- का. रिंकू सरोज
3- का. अभिषेक यादव 4- का. पंकज सरोज
5- का. मनीष कुमार 6- का. अवनीश सरोज
7- का. रोहित कुमार 8- का. अजीत कुमार
9- होगा. बिन्द्रावन

**द्वितीय टीम--**

1- व0उ0नि0 श्री अनुरूद्ध प्रताप सिंह
2- का. रिन्कू सरोज 3- का.अभिषेक यादव।

(P.T.O.)

दिनांकः- 09.11.2020

# "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

मु.अ.सं. 217/20 धारा **13 G ACT** थाना पनवाड़ी जिला महोबा।
माल फड़ 2430 रुपये व ताश के 52 पत्ते व 700 रुपये जामा तलाशी

1. आशिफ अली पुत्र बाबू उम्र करीब 52 वर्ष
2. चन्द्रशेखर पुत्र दुर्गाप्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष
3. दृगपाल लोधी पुत्र बालादीन उम्र करीब 44 वर्ष
4. मोहन पुत्र रंजीत लोधी उम्र करीब 24 वर्ष
5. राम सिंह पुत्र फूल सिंह अनुरागी उम्र करीब 22 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम किल्हौवा थाना पनवाड़ी।




मु.अ.सं. 218/20 धारा **13 G ACT** थाना पनवाड़ी जिला महोबा।
मालफड़ 1550 रूपये जामातलाशी 185 रूपये व 52 अदद ताश पत्ता।

1.खेत सिंह पुत्र विश्वनाथ राजपूत उम्र 26 वर्ष
2. विनय सिंह पुत्र बृजेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 22 वर्ष
3. रसीद पुत्र हजरत अली उम्र 31 वर्ष
4. रघुवर पुत्र खिल्ली उम्र 50 वर्ष, समस्त निवासीगण ग्राम किल्हौवा थाना पनवाड़ी।



दिनांकः- 09.11.2020

# "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ बनाने हेतु सर्राफा व्यापारियों के साथ की गयी मीटिंगः-

**प्रभारी पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम** की अध्यक्षता में शासन के निर्देशों के क्रम में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर आज दिनांक 09.11.2020 को थाना कोतवाली परिसर में सर्राफा व्यापारियों के साथ मीटिंग की गयी, जिसमें सर्राफा एसोसिएशन के सम्मानित सदस्य गण उपस्थित रहे। मीटिंग में प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा उनकी समस्या को गम्भीरता से सुना गया जिसमें व्यापारियों द्वारा बताया गया कि दीपावली के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था व ट्रैफिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ किया जाये। जिस पर उनको आश्वासन दिया गया कि पुलिस द्वारा अपने स्तर से पूरी सुरक्षा-व्यवस्था की जायेगी व विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी त्यौहारों पर यातायात व्यवस्था और सुगम व सुनयोजित की जायेगी, इसी क्रम में बताया गया कि त्यौहारों के अवसर बाजारों में पुलिस की गश्त को बढाया जायेगा, इसके अतिरिक्त सभी से अपील की गयी कि सभी व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगवायें व कम से कम दो कैमरे दुकान के बाहर इस तरह से लगवायें कि रोड पर होने वाली गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखी जा सके।

बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों से वैश्विक महामारी के दृष्टिगत कोविड प्रोटोकाल का पालन किये जाने हेतु दुकानों में मास्क व सैनेटाइजर का प्रयोग करने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के निर्देश दिये गये।





दिनांकः- 09.11.2020

# "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## पुलिस लाइन अवस्थित सभागार कक्ष में बाल कल्याण अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गयाः-

क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 09.11.2020 को पुलिस लाइन अवस्थित सभागार कक्ष में थानों पर नियुक्त समस्त बाल कल्याण अधिकारियों की मीटिंग जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंस जिला कोर्ट द्वारा आहूत की गई जिसमें जिला जेल और पुलिस विभाग से सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण जुड़े रहे।

इस वीडियो कांफ्रेसिंग में मां0 न्यायालय द्वारा बताया गया कि जो भी बाल अपचारी हैं उनको बाल कल्याण अधिकारियों (पुलिस टीम) द्वारा सादे वस्त्रों में गिरफ्तार किया जाये व उनको हथकडी न लगायी जाये जिससे बाल अपचारी को इस बात का भय न हो कि वह पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये हैं, उनके साथ ऐसा व्यवहार न करें जिससे उनके सम्मान में ठेंस लगे व अपने द्वारा किये गये अपराध पर वह ग्लानि महसूस कर कुछ गलत कदम उठाये, बाल अपचारियों के साथ संरक्षक की तरह व्यवहार किया जाये क्यों कि उनको अपराध का बोध नही होता है। इसी क्रम में बालकों से सम्बन्धित विविध कानूनों के विषय पर चर्चा की गयी।

इस दौरान परिवहन शाखा प्रभारी श्री ललित नारायण दुबे, हेड पेशी श्री दयाशंकर पांडेय, डीसी अंकुर जायसवाल, कंप्यूटर ऑपरेटर रहमान रशीद व थानो पर नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।









# “महोबा पुलिस”

दिनांक:- 09.11.2020

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## थाना कबरई पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध धरपकड अभियान के तहत विधिक कार्यवाही किये जाने के आदेश के क्रम में प्रभारी पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम के निर्देशन पर एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.11.2020 को प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गयी टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त श्यामू सिंह पुत्र हल्के नि0 मु0 सुभाषनगर थाना कबरई जिला महोबा केश नं0 1169/9, अपराध सं0 1121/08 व धारा 323/504/506 भादवि मा0 न्याया0 सीजेएम महोबा से सम्बन्धित अभियुक्त को उसके घर के दरवाजे से गिरफ्तार कर मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### वारंटी अभियुक्त नाम पता -

श्यामू सिंह पुत्र हल्के नि0 मु0 सुभाषनगर थाना कबरई जिला महोबा केश नं0 1169/9 अपराध सं0 1121/08 धारा 323/504/506 भादवि

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उप नि श्री महेन्द्र सिंह तोमर .
2. पीआरडी गुलाब सिंह



# “महोबा पुलिस”

दिनांकः- 09.11.2020

मिशन शक्ति — नारी सुरक्षा नारी सम्मान — शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## थाना कबरई पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद में वारण्टी/वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध धरपकड अभियान के तहत विधिक कार्यवाही किये जाने के आदेश के क्रम में प्रभारी पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम के निर्देशन पर एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित की गयी टीम द्वारा आज दिनांक 09.11.20 मु.अ.सं. 297/20 धारा 354/452/323/504/506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त विजय लखेरा उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र स्व0 श्री मोहनलाल नि0 ग्राम रिवई थाना कबरई जनपद महोबा को रिवई सुनैचा बस स्टैण्ड तिराहा के पास दबिश देकर अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

**गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरणः-**

अभियुक्त विजय लखेरा उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र स्व0 श्री मोहनलाल नि0 ग्राम रिवई थाना कबरई जनपद महोबा सम्बन्धित मु.अ.सं. 297/20 धारा 354/452/323/504/506 भादवि

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उप नि. श्री राजेश कुमार मिश्र
2.कां ज्ञानेन्द्र सिंह



## थाना महोबकंठ पुलिस ने अवैध शराब के साथ अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तारः-





पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवैध शराब/जुआं में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही किये जाने के आदेश के क्रम में आज दिनांक 09.10.2020 को **प्रभारी पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम** के निर्देशन पर एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री दिनेश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा अभियान में सम्मलित होकर दो नफर अभियुक्तागण क्रमशः (1) श्रीमती जमना पत्नी नारायण कबूतरा (2) श्रीमती प्रीति पत्नी महेश कबूतरा निवासीगण ग्राम लिलवा थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम लिलवा नहर की पुलिया से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से करीब 20-20 ली0 कच्ची शराब नाजायज महुआ बरामद की गयी। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर क्रमशः मु0अ0सं0 व 170/20 व 171/20 धारा 60 EX ACT पंजीकृत किये गये।

**गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरणः-**

1) श्रीमती जमना पत्नी नारायण कबूतरा (2) श्रीमती प्रीति पत्नी महेश कबूतरा निवासीगण ग्राम लिलवा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम- थाना..महोबकंठः-**

1. उ0नि0 दशरथ सिंह 2. हे0 का0 देवीशरण 3. म0का0 आकाँक्षा पटेल

# "महोबा पुलिस"

दिनांकः- 09.11.2020

मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान

शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## थाना महोबकंठ पुलिस ने अवैध तमंचे व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तारः-



पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव द्वारा अवैध शराब/जुआं में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध धरपकड अभियान के तहत कार्यवाही किये जाने के आदेश के क्रम में आज दिनांक 09.10.2020 को **प्रभारी पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0के0 गौतम** के निर्देशन पर एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री दिनेश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा अभियान में सम्मलित होकर दौरान भ्रमण/रात्रि गस्त विजरारी रोड ग्राम पहाड़िया थाना क्षेत्र संदिग्ध स्थिति में मोटर साइकिल अपाचे बिना नम्बर से घूम रहे अभियुक्त रोहित राजपूत पुत्र स्व0 नृपत राजपूत उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम स्यावन थाना अजनर जनपद महोबा को रात्रि में गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अदद देशी तमंचा मय 02 अदद जिंदा कारतूस नाजायज बरामद हुआ मोटर साइकिल के कोई पेपर न पाये जाने पर अन्तर्गत धारा 207 **MV ACT** के तहत निरूद्ध की गयी। बरामद तमंचा कारतूस के संबंध में मु.अ.सं. 169/20 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त को संबंधित माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़ पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

रोहित राजपूत पुत्र स्व0 नृपत राजपूत उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम स्यावन थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम—थाना..महोबकंठ..

1. उ0नि0 सचिन कुमार 2. कां0 इन्द्रेश कुमार
3. चालक का0 प्रदुम्न कुमार 4. हो0गा0 तुलाराम।

## सीओ सिटी द्वारा "मिशन शक्ति" अभियान के तहत छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरुकः-

आज दिनांक 09.11.2020 को क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह व श्रीमती रचना राजपूत, नोडल अधिकारी मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा व सम्मान), महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रिया गुप्ता व प्रभारी महिला थाना श्रीमती सुषमा चौधरी द्वारा सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महोबा प्रांगण में महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे अभियान ***"मिशन शक्ति"*** के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान हेतु जारी महिला हेल्पलाइन नम्बरों- 1090, 181, 112, 1076 एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुये बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

जागरुक करने हुये बताया गया कि थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क में महिला अधिकारी की नियुक्ति की गयी है, जहां आप अपने साथ हुये दुर्व्यवहार/अभद्रता को खुलकर बता सकेंगी एवं जिसका त्वरित निस्तारण महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त पुलिस महिला अधिकारी द्वारा किया जायेगा साथ ही महिलाओं से जुडे विधिक अधिकारों की जानकारी भी देंगी। जिससे नारी गरिमा से खिलवाड करने वालों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही की जा सके।

इस दौरान प्रधानाचार्या श्रीमती बीना तिवारी, स0अ0 श्रीमती अनिल प्रभा अवस्थी, स0अ0 पूनम पाल, स0अ0 रचना द्विवेदी व अन्य सम्मानित शिक्षकगण उपस्थित रहे।








दिनांक:- 09.11.2020

# "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

***कोविड-19 के उल्लंघन पर किया गया 5700/-रू0 का जुर्माना एवं "यातायात माह" के तहत क्षेत्राधिकारी यातायात ने राहगीरों को यातायात की शपथ दिलायी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया***



आज दिनाँक 09.11.2020 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा **"यातायात माह"** के तहत यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे संघन चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में चेकिंग की गई। जिसके तहत **कोविड-19/यातायात नियमो के उल्लंघन** पर समस्त थानो द्वारा **कोविड-19 के तहत 49 व्यक्तियों से 5700/-रू0** जुर्माना वसूला गया तथा यातायात नियमो के उल्लंघन पर **158 ई-चालान** भी किया गया।

इसी क्रम में सीओ यातायात/सदर श्री कालू सिहं द्वारा के **"यातायात माह"** तहत शहर के आल्हा चौक पर वाहनचालकों व पैदल यात्रियों को यातायात की शपथ दिलायी गयी व यातायात नियमों से जागरूक किया गया।

**"यातायात माह"** जागरुकता अभियान के तहत लोगो को यातायात नियमों का पालन/ नोवल कोरोना वायरस के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए घरो में सुरक्षित रहने तथा मास्क का शत-प्रतिशत प्रयोग करने व सोशल डिस्टेन्स (02 गज की दूरी) बनाये रखने की अपील की गई, जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके





दिनांक:- 09.11.2020

# "महोबा पुलिस"

मिशन शक्ति
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
शारदीय नवरात्र, 2020 – बासन्तिक नवरात्र, 2021

## *महोबा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च करके की गई अराजक तत्वो की चेकिंग व लोगो को कोविड-19 के प्रति किया गया जागरुक*





आज दिनाँक **09.11.2020** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे पैदल गस्त के दौरान संदिग्धो/संवेदनशील/धार्मिक जगहो की चेकिंग एवं **कोविड-19** के मद्देनजर मास्क चेकिंग/जागरुकता अभियान के तहत जनपद के समस्त थानो द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के मुख्य बाजार/संवेदनशील जगहो पर पैदल गस्त करके चेकिंग की गई।

पैदल गस्त के दौरान लोगो को कोविड-19 संक्रमण के बारे में जागरुक भी किया गया। लोगो से मास्क लगाने व 02 गज की दूरी बनाये रखने की अपील की गई।





महोबा पुलिस